नेताजी सुभाष चन्द्र बोस राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय
Netaji Subhash Chandra Bose Govt. Girls P.G. College
NAAC द्वारा मूल्यांकित 'ग्रेड-बी'
अलीगंज, लखनऊ, दूरभाष : 0522-4953069
Website : nscbonline.in, nscbggpgc.org, Email :nscbggdc@gmail.com

पत्रांक :　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक :

सेवा संकल्प अभियान- नुक्कड़ नाटक प्रस्तुति

18 सितंबर, 2026

GPS Map Camera
Lucknow, Uttar Pradesh, India
Type V/5, T4/13-24, Sector C, Sector D, Chandralok, Lucknow, Uttar Pradesh 226024, India
Lat 26.89017° Long 80.938988°
Friday, 18/09/2026 01:29 PM GMT +05:30
Google

GPS Map Camera
Lucknow, Uttar Pradesh, India
Type V/5, T4/13-24, Sector C, Sector D, Chandralok, Lucknow, Uttar Pradesh 226024, India
Lat 26.890198° Long 80.938987°
Friday, 18/09/2026 01:28 PM GMT +05:30
Google

सेवा संकल्प अभियान
नुक्कड़ नाटक
दिनांक 18.09.2026

प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन की श्रृंखला में आज सेवा संकल्प के अंतर्गत स्थानीय नेताजी सुभाष चंद्र बोस राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय अलीगंज में आज नुक्कड़ नाटिका का भावपूर्ण मंचन हुआ । छात्राओं ने इस नाटक में मोदी जी के जीवन से जुड़े अनेक प्रेरक प्रसंगों पर अभिनय किया साथ ही पच्चीस वर्षों की प्रधानमंत्री की विकास यात्रा का भी शानदार मंचन किया । इस नुक्कड़ नाटिका में जानकी पांडे शगुन कोमल आयुषी अनन्या अनु अनुरागिनी मनस्वी मंजू रेखा शिवानी संतोषी तान्या सौम्या ने अभिनय से सभी का मन मोह लिया ।

कार्यक्रम में विधान परिषद सदस्य श्री मुकेश शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे । उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि मोदी जी का सम्पूर्ण जीवन स्वयं संघर्ष और सेवा का प्रतीक है । उन्होंने अपनी विधायक निधि से महाविद्यालय के लिए जेन सेट तथा हाल के लिए कुर्सियों हेतु दस लाख दिए जाने की घोषणा की

कार्यक्रम अध्यक्ष के रूप में उपस्थित विधायक लखनऊ उत्तर डॉ नीरज बोरा ने कहा कि जन धन उज्जवला योजना हाई वे निर्माण रेल सुधार नारी शिक्षा और सशक्तिकरण के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य किया है । उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का जीवन त्याग और सादगी का प्रतीक है । उन्होंने प्रत्येक प्रतिभागी छात्रा को अपने पास से एक हज़ार दिए जाने की घोषणा की ।

इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश सहकारी ग्राम विकास बैंक के सभापति डॉ विवेक सिंह तोमर भी उपस्थित रहे ।

प्राचार्य प्रोफ़ेसर शालिनी श्रीवास्तव ने सभी अतिथियों का अंगवस्त्र मोमेंटो तथा पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया । कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ उमा सिंह ने तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ राजीव यादव ने किया ।

पत्रांक : दिनांक :

इस नुक्कड़ नाटक के दौरान सेवा संकल्प के महानगर संयोजक तथा भाजपा के नगर मंत्री चंद्र प्रकाश अवस्थी श्री योगेंद्र पटेल श्री लवकुश त्रिवेदी मंडल अध्यक्ष चंद्र शेखर गुप्ता भाजपा नेता सतीश वर्मा महिला नेता माला सिंहा महाविद्यालय के सभी शिक्षक कर्मचारी तथा सैकड़ों की संख्या में छात्राएं मौजूद रहीं ।

Shalini

प्रोफेसर शालिनी श्रीवास्तव
प्राचार्य